मध्य प्रदेश शासन
उच्च शिक्षा विभाग
मंत्रालय

क्रमांक 180 /1852389/2024/38-3 भोपाल, दिनांक 04/02/2025

प्रति,

कुल सचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
मध्यप्रदेश।

विषय- वर्ष 2021, 2022 एवं 2023 में आयोजित परीक्षाओं की क्रेडिटशीट/अंकसूची/उपाधि का NAD पोर्टल पर समय-सीमा में अपलोड करने के संबंध में।

संदर्भ- उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल का पत्र क्रमांक 1764/1852389/2024/38-3 दिनांक 17/12/2024

----00----

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र का कृपया अवलोकन कीजिए।

2/ संदर्भित पत्र द्वारा अनुरोध किया गया था कि जिन विद्यार्थियों के आधार डाटा एवं अंकसूची/क्रेडिटशीट के डाटा में अंतर है उन विद्यार्थियों के आधार डाटा में अभियान चलाकर सुधार किया जाए।

3/ राष्ट्रीय अकादमिक डिपोजिटरी (NAD) नई दिल्ली से प्राप्त डाटा से परिलक्षित होता है कि लगभग 40 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों की अंकसूची/क्रेडिटशीट उनके APAAR ID से मेप नहीं है, जो NEP-2020 के उद्देश्यों एवं क्रेडिट ट्रांसफर की अवधारणा के अनुकूल नहीं हैं।

4/ जिन विद्यार्थियों के आधार एवं अंकसूची/ग्रेडशीट के डाटा में अंतर है, पाठयक्रमवार ऐसे विद्यार्थियों की सूची **विश्वविद्यालय अपनी बेवसाइट पर 07 दिवस** में अपलोड करें एवं इस संबंध में संबंधित महाविद्यालयों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित करें।

संलग्नः-उपरोक्तानुसार।

(वीरन सिंह भलावी)
अवर सचिव
म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग

पृ. क्रमांक 181 /1852389/2024/38-3 भोपाल, दिनांक 04/02/2025

प्रतिलिपि-

आयुक्त, उच्च शिक्षा, सतपुडा भवन, भोपाल।

अवर सचिव
म.प्र.शासन, उच्च शिक्षा विभाग

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

पृ.क्र. / गोपनीय / 2025 / 476. जबलपुर, दिनांक 05/02/2025

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. समस्त संबंधित महाविद्यालयों की ओर इस निर्देश के साथ कि वि.वि. की वेबसाईट पर पूर्व में जारी अधिसूचना क्रमांक / गोपनीय / 2024 / 145, दिनांक 18.12.2024 एवं पृष्ठांकन पत्र क्रमांक / गोपनीय / 2025 / 383, दिनांक 23.01.2025 में संलग्न सूची जो वेबसाईट पर प्रदर्शित है, **जिसके संबंध में आज दिनांक तक महाविद्यालयों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है।** अतः पुनः शासन के उपरोक्त पत्र का पालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें एवं की गई कार्यवाही की जानकारी वि.वि. की ई–मेल **rdvvdigilocker@gmail.com** पर यथाशीघ्र उपलब्ध करायें ताकि कृत कार्यवाही से शासन को अवगत कराया जा सके।
2. प्राचार्य, समस्त अग्रणी महाविद्यालयों की ओर इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त अधिसूचना / पत्रों के साथ संलग्न सूची जो वेबसाईट पर प्रदर्शित है, का अवलोकन करते हुये आपके अधीनस्थ संबंधित महाविद्यालयों को अनिवार्य रूप से अभियान चलाकर विद्यार्थियों के आधार डाटा में सुधार कराये जाने की कार्यवाही हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें ताकि क्रेडिट डाटा विद्यार्थियों के APAAR ID के साथ NAD पोर्टल पर सफलतापूर्वक अपलोड किए जा सके।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, सतपुड़ा भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
4. अवरसचिव, म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
5. क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, जबलपुर संभाग, जबलपुर।
6. कुलपति जी के सचिव / कुलसचिव जी के निज सहायक, रा.दु.वि.वि., जबलपुर।

परीक्षा नियंत्रक
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

मध्य प्रदेश शासन
उच्च शिक्षा विभाग
मंत्रालय

क्रमांक 1764/1852389/2024/38-3 भोपाल, दिनांक 17/12/2024

प्रति,

आयुक्त,
उच्च शिक्षा संचालनालय,
सतपुड़ा भवन, भोपाल (म.प्र.)।

विषय:-वर्ष 2021, 2022 एवं 2023 में आयोजित परीक्षाओं की क्रेडिटशीट/अंकसूची/उपाधि का NAD पोर्टल पर समय सीमा में अपलोड करने के संबंध में।

संदर्भ:-(1)उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल का पत्र क्रमांक 1487/1852389/2024/38-3 दिनांक 06/11/2024

(2)विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली का पत्र क्रमांक. D.O.No.F.1-50/2021(ABC/NAD), दिनांक 21/11/2024

----00----

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्रों का कृपया अवलोकन कीजिए।

2/ दिनांक 19/11/2024 को प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कुलसचिवों द्वारा जानकारी दी गई कि विद्यार्थियों के "आधार डाटा" एवं विश्वविद्यालय की अंकसूची के नाम में अंतर होने के कारण NAD पोर्टल पर विद्यार्थियों के क्रेडिट रिकॉर्ड अपलोड नहीं हो रहे हैं।

3/ कृपया सुनिश्चित करें कि विभाग द्वारा संचालित महाविद्यालयों में अभियान चलाकर विद्यार्थियों के "आधार डाटा" में आवश्यक सुधार की कार्यवाही की जाए ताकि आधार एवं अंकसूची के नाम में एकरूपता रहे और विश्वविद्यालयों द्वारा समय सीमा में क्रेडिट डाटा विद्यार्थियों के APAAR ID के साथ NAD पोर्टल पर सफलतापूर्वक अपलोड किए जा सकें।

4/ विश्वविद्यालयों के कुलसचिव अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले समस्त महाविद्यालयों को ऐसे विद्यार्थियों की सूची पाठ्यक्रमवार उपलब्ध कराएंगे ताकि महाविद्यालय स्तर पर उनके "आधार डाटा" में यथाशीघ्र सुधार कराया जा सके।

संलग्न:-उपरोक्तानुसार।

17-12-24

(वीरन सिंह भलावी)
अवर सचिव
म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग

पृ. क्रमांक 1765/1852389/2024/38-3 भोपाल, दिनांक 17/12/2024

प्रतिलिपि :-

कुलसचिव, समस्त राज्य विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश।

17-12-24

अवर सचिव
म0प्र0शासन, उच्च शिक्षा विभाग